भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 4579

उत्तर देने की तारीख: 22.07.2019

प्रधानमंत्री नवाचारी शिक्षा कार्यक्रम

4579. श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डीः
श्री मितेश रमेशभाई पटेल (बकाभाई):

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में बच्चों की प्रतिभा को बढ़ाने और विकसित करने के लिए ''प्रधान मंत्री नवाचारी शिक्षा कार्यक्रम'' शुरू करने पर काम कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और बच्चों की प्रतिभा को बढ़ाने के लिए क्या सुविधाएं उपलब्ध कराने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का गुजरात के आणंद जिले में स्थित विद्यालयों में उक्त कार्यक्रम को लागू करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो कितने विद्यालयों में उक्त कार्यक्रम को कार्यान्वित किये जाने की संभावना है तथा उन विद्यालयों के नामों का ब्यौरा क्या है और ऐसा कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ङ): सरकार का देश में बच्चों की प्रतिभा में वृद्धि और विकास करने हेतु प्रधानमंत्री नवाचार अधिगम कार्यक्रम को कार्यान्वित करने का इरादा है। इसके लिए कार्यविधियां तैयार की जा रही हैं।

*****